क्या बतलाऊ कैसा है मेरा श्याम सलोना

क्या बतलाऊ कैसा है मेरा श्याम सलोना,
मैंने मिट्टी पकड़ी यारो वो मिटटी बन गई सोना,
क्या बतलाऊ कैसा है मेरा श्याम सलोना,

कदम कदम पे मेरा संवारा करे मेरी रखवाली,
बन मांगे भर दी निर्धन की देखो झोली खाली,
श्री श्याम ने मेरे दिल पे क्या कर दिया जादू टोना,
क्या बतलाऊ कैसा है मेरा श्याम सलोना,

इक दिन देखो नित सुदामा श्याम के दर पे आया,
नैनो के जल से पथ धोये दुनिया में यश छाया,
रहने को महल भी पाया सोने को घाट विशौना,
क्या बतलाऊ कैसा है मेरा श्याम सलोना,

इस दुनिया में हार के जो भी श्याम के दर पर आया,
हारे का वो बना सहारा श्याम धनि कहलाया,
भप्पा कहे तेरे दर पर सब बंद है रोना धोना,
क्या बतलाऊ कैसा है मेरा श्याम सलोना,

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/8429/title/kya-batlaau-kaisa-hai-mera-shyam-salona

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |